

फीफा अध्यक्ष जियानी इंफैन्टिनो ने विश्व कप से जुड़े कमर्शियल अधिकारों में हिस्सेदारी बेचने की योजना वापस लेने के बाद माफी तो मांग ली है उनकी कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से फीफा अध्यक्ष के समर्थन की पुष्टि की है। -पत्रिस मोत्सेपे

महासंघ के अध्यक्ष, फीफा अध्यक्ष के समर्थन को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **वसीम जाफर**



**हाल** के महीनों में टीम चयन को लेकर कई सवाल उठे हैं, लेकिन पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर का मानना है कि अगर केवल नतीजों के आधार पर देखा जाए तो आगरकर का कार्यकाल सफल माना जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर का कार्यकाल एक बार फिर चर्चा में है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कुछ खिलाड़ियों के साथ जिस तरह का व्यवहार हुआ और चयन प्रक्रिया में जो फैसले लिए गए, उन पर बहस होना स्वाभाविक है। आगरकर का कार्यकाल जून 2026 में समाप्त होना था, लेकिन बीसीसीआई ने उन्हें तीन महीने का विस्तार दिया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** सर्वश्रेष्ठ संस्करण: साल 2010 का दिल्ली कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के लिए सबसे सफल रहा, जिसमें 38 स्वर्ण सहित 101 पदक जीते गए थे।

# श्रीलंका ने आठ विकेट खोकर 363 रन बनाये

## निशान फर्नांडो एवं रविंदु रसान्था ने अर्धशतक लगाया



कोलंबो, 7 अगस्त। श्रीलंका दौरे पर पहुंची भारतीय टीम ने अपने एकमात्र अभ्यास मैच की शुरुआत संघर्षपूर्ण अंदाज में की। कोलंबो के एनसीसी मैदान पर पहले दिन श्रीलंका ने आठ विकेट खोकर 363 रन बना लिए। दिन का खेल खत्म होने तक दिलुम सुदीरा एक रन और केसरा नुवंथा नौ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद रहे। मुकाबले के पहले दिन बल्लेबाजों का दबदबा जरूर रहा, लेकिन भारतीय स्पिन गेंदबाजों ने समय-समय पर विकेट लेकर टीम को वापसी भी कराई।

बता दें कि श्रीलंका की ओर से सात बल्लेबाजों ने 30 से अधिक रन बनाए और तीन खिलाड़ियों ने अर्धशतक लगाया, लेकिन कोई भी बल्लेबाज बड़ी शतकीय पारी नहीं खेल सका। सबसे ज्यादा 71 रन रविंदु रसान्था के बल्ले से निकले। मौजूद जानकारी के अनुसार, श्रीलंका की टीम ने पूरे दिन लगभग चार रन प्रति ओवर की रफ्तार से रन बनाए और भारतीय गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। श्रीलंका की शुरुआत बेहद शानदार रही। सलामी बल्लेबाज निशान फर्नांडो और रविंदु रसान्था ने पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़कर भारतीय गेंदबाजी की कड़ी परीक्षा ली। निशान फर्नांडो ने केवल 65 गेंदों में 66 रन बनाए। हालांकि दोनों बल्लेबाजों के बीच तालमेल की कमी के कारण रन आउट होने से उनकी पारी खत्म हो गई। इसके बाद भी श्रीलंका के बल्लेबाज लगातार छोटी-छोटी साझेदारियां बनाते रहे, लेकिन कोई भी जोड़ी बहुत बड़ी साझेदारी नहीं कर सकी।

भारतीय टीम की ओर से सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन स्पिन गेंदबाजों का रहा। कुलदीप यादव ने सबसे अधिक 18 ओवर गेंदबाजी की और दो महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किए। रवींद्र जडेजा ने भी अपनी सटीक गेंदबाजी से दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं मानव सुथार ने भी दो विकेट लेकर प्रभावित किया। तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को एक विकेट मिला, जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। दूसरी ओर मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और सारांश जैन को पहले दिन कोई सफलता नहीं मिल सकी।

यह मुकाबला भारतीय टीम के लिए आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी का अहम हिस्सा माना जा रहा है। भारतीय टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें लाल गेंद के प्रारूप में ज्यादा अनुभव नहीं है। ऐसे में अभ्यास मैच का उद्देश्य खिलाड़ियों को मैच जैसी परिस्थितियों में खुद को परखने का अवसर देना भी है।

श्रीलंका की ओर से सोनल दिनुषा ने 52 रन और रमेश मेंडिस ने उपयोगी योगदान दिया। दोनों ने छठे विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की, लेकिन भारतीय स्पिनरों ने इस जोड़ी को भी ज्यादा देर तक टिकने नहीं दिया। दिन के अंतिम सत्र में भारत ने लगातार विकेट लेकर मेजबान टीम की रफ्तार पर कुछ हद तक रोक लगाई।

अब दूसरे दिन भारतीय टीम की कोशिश श्रीलंका क्रिकेट एकादश को जल्द समेटने की होगी, जबकि मेजबान टीम 400 रन के आंकड़े तक पहुंचने का प्रयास करेगी। ऐसे में मुकाबले का दूसरा दिन दोनों टीमों के

# प्रज्ञानानंद ने जीता ग्रैंड शतरंज टूर सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज 2026 का खिताब



सेंट लुइस, 7 अगस्त। भारत के ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज 2026 का खिताब एक दौर शेष रहते अपने नाम कर लिया। 20 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को अंतिम से पहले दौर में उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ ड्रॉ खेलकर खिताब पर कब्जा जमाया।

प्रज्ञानानंद ने पूरे पांच दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान बढ़त बनाए रखा। सिंदारोव ने अंत तक उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिर में वह 1.5 अंकों से पीछे रह गए। अमेरिका के फैबियानो कारुआना के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

खिताब जीतने के बाद प्रज्ञानानंद ने कहा, ''जब आप स्कोर देखते हैं तो सब कुछ आसान और सहज लगता है, लेकिन वास्तव में ऐसा बिल्कुल नहीं था। यह टूर्नामेंट बेहद कठिन और रोमांचक रहा। मैं जावोखिर को श्रेय देना चाहूंगा, उन्होंने आखिरी तक शानदार संघर्ष किया।''

इस खिताबी जीत के साथ प्रज्ञानानंद को 50 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि और 13 जीसीटी अंक मिले। इसके साथ ही वह 2026 ग्रैंड शतरंज टूर सीजन अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

वहीं, उपविजेता रहे सिंदारोव ने कहा, ''मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया, लेकिन प्रैग ने वास्तव में बहुत अच्छा खेल दिखाया। कई बार सिर्फ अच्छा खेलना ही काफी नहीं होता, आपको किस्मत का साथ भी चाहिए होता है।''

अब ग्रैंड शतरंज टूर का समापन सिंकफील्ड कप के साथ होगा, जिसकी शुरुआत 10 अगस्त से होगी। इस प्रतिष्ठित क्लासिकल टूर्नामेंट में प्रज्ञानानंद सहित सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज में हिस्सा लेने वाले अधिकांश शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे।


### कार्यालय नगर पालिका सीसवाली जिला बारॉं (राज.)

क्रमांक :- न.पा.सी/2026-27/1356 - 1357 दिनांक :- 04/08/2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका सीसवाली द्वारा उक्त कार्य करवाये जाने हेतु फर्म/संस्था/व्यक्ति से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें ऑनलाईन दिनांक 04.07.2026 से 13.07.2026 तक निविदा वेबसाईट से डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। दिनांक 04.07.2026 से 13.07.2026 तक सांय 5 बजे तक निविदा शुल्क, धरोहर शुल्क एवं MD RISL शुल्क ऑन–लाईन नगर पालिका सीसवाली के खाते में जमा करवाकर रसीद ऑन–लाईन पॉटल पर अपलोड की जायेगी। दिनांक 14.07.2026 को प्रातः 11 बजे पश्चात् तकनीकी बिड खोली जायेगी। संवेदक निविदा प्रपत्र लोक उपापन की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकेगें।

निविदा संबंधी कार्य की UBN No निम्न प्रकार है।

UBN No.: DLB2627WSOB14485

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सीसवाली

राज.संवाद/सी/26/9069



### कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राज0)

क्रमांक : नपजा / विकास / 2026 / 2825 दिनांक : 27.07.2026

**:: निविदा सूचना 13/2026 ::**

यत् नगर परिषद जालोर द्वारा निम्नांकित स्थानों पर सिविल निर्माण कार्य हेतु स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर व राजस्थान प्रदेश में अन्य नगरीय निकायों में पंजीकृत सभी संवेदक अपनी श्रेणी अनुसार तथा अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदार जो ए अथवा एए श्रेणी में पंजीकृत हैं। (पंजीकरण नियम Appendix XVI (Rules 334) Sec II.2 के अनुसार) निर्धारित प्रपत्रा में E-Procurement प्रकिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य एवं ई–निविदाओं के संबंधित विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड व अपलोड एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

| | |
|---|---|
| Total Work | 15 work |
| Total Amount | 327.04 lac |
| Nib Code | DLB2627A5145 |

आयुक्त
नगर परिषद, जालोर

राज.संवाद / सी / 26 / 9008



### कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर), सिरोही

(Sirohielection@gmail.com)

क्रमांक/निर्वाचन/लेखा/निविदा/2026/180 दिनांक-3.08.2026

**ई-अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या**

पंचायतीराज एवं नगरीय चुनाव 2026 एवं अन्य आगामी चुनाव / गतिविधियों हेतु निम्नलिखित सामग्री / सेवाओं/ कार्यों की आपूर्ति / व्यवस्था के लिये प्राधिकृत व्यापारियों / प्राधिकृत सेवा प्रदाताओं / सद्भाविक व्यवहारियों / प्रतिष्ठित पंजीकृत फर्मों से ऑनलाईन बोलियों दिनांक 04.08.2026 से दर संविदा हेतु Single Stage two cover e-bid पद्धित से आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. सं. | आईटम नम्बर | विवरण | UBN No. | अनुमानित लागत (राशि लाखों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | मतपत्र मुद्रण कार्य | CSR2627SLRC00019 | 25 लाख |

उक्त ई-बोली आमंत्रण सूचना का पोर्टल www.Sppp.rajasthan.gov.in www.eproc.Rajasthan.gov.in की अवलोकन किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी
(जिला कलक्टर) सिरोही

DIPR/C/14000/2026


# नामीबिया दौरे पर दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे, टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद वनडे मुकाबले

नई दिल्ली, 7 अगस्त। नामीबिया इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे की मेजबानी करेगा। दौरे में पहले तीनों टीमों के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला होगी। सभी मुकाबले विंडहोक स्थित नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे।

टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला का आगाज 28 अगस्त से होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 6 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 9 सितंबर से शुरू होगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला 2027 में शुरू होने वाले अफ्रीका कप की तैयारी के रूप में भी देखी जा रही है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य अफ्रीकी देशों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक अवसर उपलब्ध कराना है। श्रृंखला से होने वाला पूरा लाभ अफ्रीका क्रिकेट एसोसिएशन को दिया जाएगा, ताकि महाद्वीप में क्रिकेट के विकास को बढ़ावा मिल सके। क्रिकेट नामीबिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जोहान मुलर ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड का सहयोग अफ्रीकी क्रिकेट के विकास के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वहीं, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फोलेत्सी मोसेकी ने कहा कि यह श्रृंखला अगले वर्ष होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप 2027 से पहले उत्साह बढ़ाने का काम करेगी। विश्वकप 2027 की संयुक्त मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।

# सीनियर राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप से होगा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम का चयन

जयपुर, 7 अगस्त। राजस्थान तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली सीनियर राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप-2026 केवल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के चयन का महत्वपूर्ण आधार भी होगी। 8 से 10 अगस्त तक रेलवे ग्राउंड, बीकानेर में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के श्रेष्ठ तीरंदाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में तीरंदाजी खेल का वातावरण लगातार मजबूत हुआ है। प्रदेश के तीरंदाज राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर राजस्थान का गौरव बढ़ा रहे हैं। खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और संघ के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज राजस्थान तीरंदाजी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

आयोजन सचिव अनिल जोशी ने बताया कि राजस्थान के तीरंदाजी इतिहास में पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के मेडल मुकाबले फ्लडलाइट की रोशनी में आयोजित किए जाएंगे। यह निर्णय प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक एवं रोमांचक बनाएगा तथा खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक नया अनुभव होगा।

आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए मैदान, टारगेट, तकनीकी उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा सहित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

# रमन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने 47 रन से मुकाबला जीता



जयपुर, 7 अगस्त। सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे फादर रेमंड कोएल्हो डायमंड जुबली कप का मुकाबला रमन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल व मॉर्निंग स्टार सेंट एनसलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मध्य खेला गया। बारिश से बाधित मुकाबला 10 ओवर का खेला गया। जिसमें रमन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने 10 ओवर में 96/6 रन बनाए।

जिसमें तरुण डिलान ने 32 रन व प्रियांशु माली ने 28 रन बनाए। मॉर्निंग स्टार सेंट एनसलम स्कूल की ओर से गेंदबाजी में तनुज शर्मा व अब्दुल रहमान ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉर्निंग स्टार सेंट एनसलम स्कूल 10 ओवर में 49/6 रन ही बना सकी। जिसमें पुनीत राजपुरोहित ने 15 रन और जगरात व रूद्राराज ने 10-10 रनो का योगदान दिया। रमन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ओर से गेंदबाजी में हेमंत सैनी ने दो विकेट लिए। रमन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने 47 रन से मुकाबला जीता।


राजस्थान सरकार

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत अलवर

सा.नि.वि, परिसर, अशोका टाकीज के पास, कचहरी रोड, अलवर

फोन- 0144-2737038, E-mail:-sealw.pwd@rajasthan.gov.in

क्रमांक-RajKaj Ref No.:23644317 दिनांक-27.07.2026

**Short Term NIT No 09/2026-27**

Strengthening and Widening of Road from Naugaon (NH-248) to Naswari Chowki (SH-45) Km 0/0 to Km 4/500, District Alwar are invited from interested bidder from 29-07-2026 02:00Pm up to 10-08-2026 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (Http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state and http://pwd.rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of the procurements is 259.01/- Laces.

UBN No: PWD2627WSOB07742

NIB No:- PWD2627A1833

E-Sign
Superintending Engineer
PWD Circle Alwar

DIPR/C/13590/2026


# अरिहा पंगंबम ने स्वर्ण पदक जीताः एरोबिक जिम्नास्टिक्स एशियाई चैंपियनशिप में रचा इतिहास

जयपुर, 7 अगस्त। अरिहा पंगंबम एरोबिक जिम्नास्टिक्स एशियाई चैंपियनशिप की सीनियर महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। भारतीय जिम्नास्ट ने फाइनल में 19.100 के स्कोर के साथ पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस प्रतियोगिता में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। अरिहा ने 'आर्टिस्ट्री' के लिए 8.650, 'एक्ज़ीक्यूशन' के लिए 7.600 और 'डिफिकल्टी' के लिए 2.850 अंक हासिल करके खिताब अपने नाम किया। भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने कहा, ''हमारे लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

# कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हारीं तन्वी शर्मा

असान (दक्षिण कोरिया), 7 अगस्त। भारत की 17 वर्षीय स्टार शटलर तन्वी शर्मा का कोरिया मास्टर्स 2026 में शानदार अभियान क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। उन्हें ऑल-इंडियन मुकाबले में रक्षिता रामराज ने 18-21, 21-19, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पिछले सप्ताह ताइपे ओपन सुपर-300 का खिताब जीतकर सबसे कम उम्र की चैंपियन बनने वाली तन्वी ने पहला गेम अपने नाम कर शानदार शुरुआत की थी। हालांकि, रक्षिता ने दमदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा गेम जीत लिया। इस जीत के साथ रक्षिता ने तन्वी के खिलाफ अपना आमने-सामने का रिकॉर्ड 4-0 कर लिया।

हार के बावजूद तन्वी ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में कई उच्च रैंकिंग खिलाड़ियों को हराकर क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया, जिससे इस महीने होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से पहले उनका आत्मविश्वास और मजबूत हुआ।


### MBM University, Jodhpur
(Central Store)

Dr. Rohit Rawal
OIC, Central Store
mbmoics@gmail.com
90240 48770

No. MBMU/OIC-CS/2026-27/509 Date : 07/08/2026

**NOTICE INVITING BID**

Bids are invited from interested eligible and experienced vendors/suppliers for the supply/provision of the following items/services at MBM University, Jodhpur. All other particulars of the bid may be visited on the portal sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in and www.mbm.ac.in.

1. Bids vide UBN No: **MBM2627GLOB00037** Tender No.10/2026-27 for **"Lab Equipment for Civil Department Under PM USHA"** in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹ 34.00 Lakhs and last date of bid submission 18.08.2026 12:00 Noon.
2. Bids vide UBN No: **MBM2627GLOB00036** Tender No.16/2026-27 for **"Purchase and Installation of Cooling & Air Distribution System for Examination Hall" in MBM University, Jodhpur** with estimated amount **₹54.00 Lakhs** and last date of bid submission 18.08.2026 12:00 Noon.
3. Bids vide UBN No: **MBM2627GSLB00035** Limited Tender No.13/2026-27 for **"Purchase of CCTV Camera and installation for COE Office" in MBM University, Jodhpur** with estimated amount **₹01.50 Lakh** and last date of bid submission 10.08.2026 12:00 Noon.

OIC-Central Store
MBM University, Jodhpur

Raj.Samwad/C/26/9113



### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर

क्रमांकः-अअ/वि.खण्ड/बी./ निविदा/2026-27/725 दिनांक :-31.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 23 / वर्ष 2026-27**

**(NIB Code No PWD2627A1906)**

निम्न हस्ताक्षर कर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं सा.नि.वि., राज मे सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की दिनांक 31.07.2026 से 11.08.2026 तक सायं 6.00 बजे तक जमा कराई जा सकती है। तकनीकी निविदा दिनांक 12.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेंगी। प्री-बिड मिटिंग की दिनांक 06.08.2026 दोपहर 01.00 बजे है। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। कुल कार्यो की संख्या 01 कुल लागत 56.37 लाख **UBN No. 1. PWD2627WSOB08151**

(पीयूष सिंह) अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर

DIPR/C/13730/2026


# राजस्थान राज्य जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जयपुर जिला टीम नागौर रवाना



जयपुर, 7 अगस्त। राजस्थान राज्य जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 में भाग लेने के लिए जयपुर जिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को नागौर के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता में जयपुर की टीम अपने अभियान की शुरुआत 8 अगस्त से करेगी। टीम के कप्तान के रूप में अतीवीर धोका तथा उपकप्तान के रूप में आरव फौजदार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, टीम के मुख्य प्रशिक्षक का दायित्व श्री विश्वजीत सिंह निभाएंगे। टीम की प्रबंधन समिति के सदस्य राजस्थान फुटबॉल संघ के तकनीकी निदेशक सतीश जांगिड़ एवं जयपुर के वरिष्ठ राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हितेश शर्मा ने बताया कि टीम ने प्रतियोगिता के लिए बेहतर तैयारी की है और सभी खिलाड़ी पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जयपुर की टीम प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन करेगी। **जयपुर जिला टीम :** अयान उल्लाह, हिमांशु सैनी, नील नीरज सिंह, युवराज ठाकुर, आबिद खान, अतीवीर धोका (कप्तान), एंजो सचिन बैज, रणंजय सिंह भाटी, लव सिंह, आरव फौजदार (उपकप्तान), खुशेश दूत, प्रज्ञान कटारिया, आकर्ष शर्मा, आर्यन सोधानी, अद्वय महानोत, ऋषि अग्रवाल, केशरी प्रताप सिंह एवं लक्ष्य चौधरी।

# जोधपुर ने झालावाड़ को 8-0 से रौंदा

जयपुर, 7 अगस्त। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में ग्राम फरड़ोद में राजस्थान जूनियर छात्र राज्य फुटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जो आज 7 अगस्त से 10 अगस्त तक मैच चलेगे। राजस्थान फुटबाल एसोसिएशन सचिव दिलीप सिंह शेखावत, डीडवाना पूर्व विधायक चेतन डूडी, पूर्व जायल प्रधान रिद्धकरण लोमरोड़, फरड़ोद सरपंच रामकुमार फरड़ोदा, मनोज जाट राजस्थान फुटबाल रैफरी हेड,ओर पदाधिकारीगण इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में पहुंचे और जूनियर बालक चैंपियनशिप का पहला मैच अजमेर व नागोर के बीच खेला गया जिसमें अजमेर 2-0 से जीती! जोधपुर से झालावाड़ को 8-0 से , करौली ने बूंदी को 4-0 से , धौलपुर से राजसमंद को 1-0 , भीलवाड़ा से टोंक को 2-1 से ,अलवर ने बांसवाड़ा को 2-1 से , प्रतापगढ़ ने चित्तौड़गढ़ को 2-1 से , उदयपुर ने हनुमानगढ़ को ट्राई ब्रेकर में 5-3 से हराया।


### University Law College, University Law College-II, University Five Year Law College, University of Rajasthan, Jaipur

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Cleaning and Sanitization Work (Job Basis) is invited from interested bidders upto **12.08.2026** at **1:00 PM**. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state: and http://uniraj.ac.in. The approximate value of the procurements is **Rs. 8.25 Lacs**.

UBN : URA2627SSRC00091
NIB : URA2627A0032

Principal & Convener
University Law College



### नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)

क्रमांक–निर्माण शाखा / निविदा / 2026 / 2981–83 दिनांक : 04.08.2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका रतनगढ़ की और से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 04.08.2026 से दिनांक 10.08.2026 सुबह 11 बजे तक अनुसार डाऊनलोड तथा अपलोड एंव दिनांक 11.08.2026 को सुबह 09 बजे खोली जायेगी। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगर पालिका रतनगढ़ में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 2 प्रतिशत राशि का डी.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रतनगढ़ के नाम व रूपये 500/– का चालान "M.D. RISL Jaipur" के नाम जयपुर में देय से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व नगर पालिका रतनगढ़ में प्रस्तुत करना होगा।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code- DLB2627A5815

UBN:- DLB2627WSOB14450, DLB2627WSOB14452, DLB2627WSOB14456, DLB2627WSOB14458, DLB2627WSOB14460, DLB2627WSOB14462, DLB2627WSOB14464, DLB2627WSOB14466, DLB2627WSOB14468, DLB2627WSOB14470, DLB2627WSOB14472

अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद / सी / 26 / 8980


# मायरा और एस. कृष्ण ने रिकॉर्ड के साथ जीता दूसरा स्वर्ण







जयपुर, 7 अगस्त। दिल्ली की मायरा सिंह साध और तमिलनाडु के एस. कृष्ण ने शुक्रवार को एसएमएस स्टेडियम स्विमिंग पूल में आयोजित 42वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के दूसरे दिन नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए प्रतियोगिता का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर सबसे अधिक सुर्खियां बटोरीं। वहीं तमिलनाडु की धिवाश्री केशवन और अब्दुल हफीज ने भी अपना-अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में गोल्डन डबल पूरा किया। मायरा सिंह साध ने लड़कियों की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले स्पर्धा में नया मीट रिकॉर्ड बनाकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। लक्ष्मी सहस्रा सिर्रापरापु को रजत और अनांसिया ईवा जे को कांस्य पदक मिला।

तमिलनाडु की धिवाश्री केशवन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कियों की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक जीता। मान्या आर. वाधवा ने रजत और सानिध मुखर्जी ने कांस्य पदक जीता। इसके बाद धिवाश्री ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में भी स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता का अपना दूसरा गोल्ड अपने नाम किया। श्रेया बिनिल को रजत और सेरेना सराओहा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

लड़कों के वर्ग में तमिलनाडु के अब्दुल हफीज ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले जीतकर प्रतियोगिता का अपना दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। कबीर आर्यमन खुबचंदानी को रजत और जस सिंह को कांस्य पदक मिला। लड़कों की एक अन्य 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले स्पर्धा में डेनियल इमैनुएल सालदान्हा ने स्वर्ण पदक जीता। लैटनजाम पुंघेन ने रजत और युवराज ने कांस्य पदक हासिल किया। 100 मीटर बैकस्ट्रोक में एस. कृष्ण ने स्वर्ण पदक जीता। ए.पी. आर्या साथर ने रजत और कृष्विक दोशी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। आज के मुख्य अतिथियों, एम्स के निदेशक डॉ. एस.एस. अग्रवाल और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राज केश मीणा का राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने स्वागत किया।


### कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर

Near Collector Office, Bikaner (Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012, Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner

क्रमांक - राजकाज 23817339 दिनांक :- 04/08/2026

**ई - बिड सूचना 13/2026-27**

बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर की ओर से अखिल भारतीय स्तर, प्राधिकरण एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्य हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक एवं निविदा शर्तों आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://lsg.rajasthan.gov.in/bda पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- BID2627WSOB00076 - 81

अधिशाषी अभियन्ता

राज.संवाद/सी/26/9021



### कार्यालय नगर परिषद बून्दी

क्रमांक :- 5208 - 11 दिनांक :- 04/08/2026

**निविदा सूचना**

नगर परिशद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: स्टोर/2026–27/5159 दिनांक 03/08/2026 की निविदा दिनांक 04/08/2026 से दिनांक 13/08/2026 06.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 14/08/2026 को 15.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 14/08/2026 को 16.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2627SLOB14330 तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

आयुक्त
नगर परिषद, बून्दी

राज.संवाद/सी/26/9045



### कार्यालय नगर पालिका मण्डल नापासर

क्रमांक :- न.पा.नापा./2026-27/890 दिनांक :- 04/08/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 18/2026-27**

कार्यालय नगर पालिका मण्डल नापासर द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य (निविदा राशि 25.43 लाख रूपए) हेतु सक्षम / पात्र संभरणकर्ता जो कार्य करने / सामग्री संभरण करने के लिए अनुभवी हो, निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-बोली प्रक्रिया से ऑनलाईन बोलियाँ आंमत्रित की जाती है। निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।

UBN Number :- DLB2627WSOB14823

प्रशासक
नगर पालिका नापासर

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका नापासर

राज.संवाद/सी/26/9074



### जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (सिविल),जयपुर
(Registered Office Vidyut Bhawan, Jyoti Nagar, Jaipur)
E-Mail:- seciviljpr@jvvnl.org, Tel.No. 0141-2207932

**अल्पकालीन ई – निविदा सूचना संख्या 08 से 10/2026–27**

अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) ज. वि. वि. निगम लि. जयपुर के अधीन विभिन्न निर्माण, मरम्मत एवं विद्युत संबधित सिविल कार्यों के लिए अल्पकालीन ई –निविदा 08 से 10/2026–27 द्वारा मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बंधित अन्य विवरण वेबसाइट www.energy.rajasthan.gov.in, www.tenders.gov.in एव State Public Procurment Portal पर उपलब्ध है। भविष्य में तारीख बढाने की सूचना/संशोधन यदि कोई है तो उपरोक्त संदर्भित वेबसाईटों पर ही सूचित/प्रकाशित की जायेगी। ई–निविदा के लिए इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB Nos. VVN2627A0094, VVN2627A0095 and VVN2627A0096
UBN No. VVN2627WSOB00267 to VVN2627WSOB00329
जेपीआर–3206 (2026)

अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)

राज.संवाद / सी / 26 / 9130 बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507



राजस्थान सरकार

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जलग्रहण विकास एवं भू-सरंक्षण, भैसरोड़गढ़, जिला चित्तौडगढ

पंचायत समिति परिसर, भैसरोड़गढ़ जिला-चित्तौड़गढ़
Email: aenwdscbhainsrodgarh@rajasthan.gov.in

क्रमांक : खण्ड/भैसरोड़गढ़ / निविदा/2026-27/77 दिनांक : 31/7/2026

**ई-निविदा सूचना (02/2026-27)**

**(NIB Code: WSC2627A0799)**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत जिले में कार्यालय अधीन संचालित परियोजना / पंचायत समित क्षेत्रों में राशि रू. 70.14 लाख, रू. 64.46 लाख रू. 9.32 लाख, रू. 6.42 लाख, रू. 7.69 लाख एवं रू. 72.44 लाख के कुल 6 पेकेज में वर्णित कार्यो का डिफेक्ट लाईबिलीटी अवधि सहित सम्पादन कराने के लिये उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार के विभागो / अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों से eproc.rajasthan.gov.in पर ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक 11.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्ते उक्त पोर्टल एवं sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर UBN :- WSC2627WSOB01365, WSC2627WSOB01367, WSC2627WSOB01368, WSC2627WSOB01369, WSC2627WSOB01370 and WSC2627WSOB01371 देखी जा सकती है।

अधिशाषी अभियंता
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण,
पंचायत समिति भैंसरोड़गढ़

DIPR/C/13689/2026